Title: Demand for early completion of the pending Ganga barrage project at Kanpur City, Uttar Pradesh.

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल (कानपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से कानपुर की एक ऐसी समस्या की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा

... (व्यवधान)

... (Interruptions)

MR. SPEAKER: It will not go on record.

(Interruptions)*

MR. SPEAKER: It is disallowed.

---

*Not Recorded.

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल (कानपुर) : सर, पिछले ४० वर्षों से कानपुर के घाटों से गंगा नदी धीरे-धीरे करके दूर चली गई। ४० वर्षों से हमारे कानपुर शहर की जनता की डिमांड के आधार पर ३० वर्षों बाद कानपुर की यह मांग पूरी हुई

... (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : श्री देलकर, आप बैठ जाइये।

... (Interruptions)

MR. SPEAKER: Nothing should go on record.

(Interruptions)*

MR. SPEAKER: Shri Delkar, this is too much. Please take your seat.

अध्यक्ष महोदय : आप बैठ जाइये प्लीज, यह क्या है।

... (Interruptions)

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल : अध्यक्ष महोदय, गंगा घाटों को छोड़कर चली गई। कानपुर शहर की जनता की २० वर्ष पुरानी मांग थी, २० वर्षों के बाद कानपुर की यह मांग पूरी हुई। हमारे सौभाग्य की बात है कि पं. नारायण दत्त तिवारी यहां बैठे हुए हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने स्वीकृति प्रदान की। उसमें केन्द्रीय सरकार का भी योगदान होना था। केन्द्र सरकार ने अपने हिस्से की भी स्वीकृति प्रदान कर दी और कानपुर में गंगा-बैराज का काम शुरू हुआ, लेकिन पिछले तीन वर्षों से कानपुर के गंगा-बैराज का निर्माण कार्य पूरी तरह ठप्प पड़ा हुआ है।

माननीय अध्यक्ष जी, गंगा बैराज का कानपुर के विकास और कानपुर के अस्तित्व से बड़ा गहरा तालमेल है। जब तक गंगा बैराज का निर्माण कार्य पूरा नहीं होगा, जब तक कानपुर में गंगा बैराज नहीं बनेगा तब तक कानपुर की जनता को शुद्ध पेयजल की सप्लाई शुरू नहीं की जा सकती, जब तक कानपुर का गंगा बैराज नहीं बनेगा तब तक कानपुर की विद्युत की समस्या का समाधान नहीं किया जा सकता है।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपसे यह अनुरोध करता हूं कि कानपुर शहर की इस सबसे ज्वलन्त और जनहित की समस्या की ओर आप केन्द्र सरकार का ध्यान आकर्षित करें और गंगा बैराज के निर्माण का कार्य जो पिछले दो वर्षों से रुका हुआ है, उसको तुरन्त शुरू कराएं।

... (व्यवधान)

---

*Not Recorded.

MR.SPEAKER: The House stands adjourned to meet again at 2.05 P.M.

13.06 hrs

The Lok Sabha then adjourned for Lunch till five minutes

past fourteen of the Clock.

14.14 hours

The Lok Sabha re-assembled after Lunch at fourteen minutes

past Fourteen of the Clock.

(Shri Beni Prasad Verma in the Chair)